दिनांक 26.09.2018

स्वच्छ भारत अभियान   स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री एस0के0 सुंदरानी द्वारा आज जोन 03 क्षेत्रान्तर्गत वार्ड 20 बैकुण्ठधाम का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान टीम बनाकर घर–घर सर्वे कर डेंगू से बचाव हेतु नागरिकों को जानकारी दी गई। आयुक्त महोदय द्वारा देखा गया कि कुछ स्थानों पर गड्ढ़ो में पानी जमा हो गया जिसमें मलेरिया आयल डालने के निर्देश दिये गये। बैकुण्ठधाम उपस्वास्थ्य केन्द्र पहुंचकर डाक्टरों से मुलाकात की गई मुलाकात के दौरान डेंगू के कितने मरीज भर्ती है तथा कहां से नये मरीज ज्यादा प्राप्त हो रहें हैं की जानकारी प्राप्त की गई और उनके उपचार हेतु दवाईयां उपलब्ध है कि नहीं की जानकारी ली गई। वार्ड में स्थित सुलभ शौचालय का निरीक्षण किया गया जिसमें सफाई व्यवस्था सहीं नहीं पाये जाने के कारण केयरटेकर को बुलाकर फटकार लगाया गया एवं ऐसी स्थिति पाये जाने पर ठेकेदार के उपर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये साथ ही ठेका निरस्त करने का भी निर्देश दिये गये ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो सके यह सुनिश्चित करने के निर्देश जोन आयुक्त को दिये। सभी शौचालयों को व्यवस्थित करने के भी निर्देश आयुक्त महोदय द्वारा दिया गया।

भ्रमण के दौरान जोन आयुक्त बी0के0 देवांगन, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा, स्वच्छता निरीक्षक व्ही0के0 समुवल, प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक अनिल मिश्रा, सहित स्वच्छता पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

जन सम्पर्क अधिकारी